आजादी @75 वर्ष : अमृत महोत्सव

सं.ए-04(क)/2021-हिंदी

भारत सरकार, गृह मंत्रालय

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार

खंड -9, के.स.का. परिसर

लोधी रोड, नई दिल्ली-3

दिनांक- 22 अक्टूबर 2021

परिपत्र

विषय : समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार मुख्यालय में प्रति माह हिंदी प्रतियोगिता / हिंदी गतिविधियों के आयोजन के संबंध में ।

निदेशालय तथा अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्रों के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित हिंदी कार्यों के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निदेशालय तथा अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के अधिकारियों और कर्मचारियों में हिंदी कार्यों के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से निदेशालय में प्रति माह एक हिंदी प्रतियोगिता / हिंदी गतिविधि का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जाना है ।

2. प्रति माह आयोजित की जाने वाली हिंदी प्रतियोगिता/ हिंदी गतिविधि की विषय वस्तु तथा आयोजन संबंधी तिथि एवं समय की सूचना यथा समय सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों, अनुभागों एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्रों को दी जाएगी ।

3. उपर्युक्त के अनुपालनार्थ, अक्टूबर 2021 माह में आयोजित की जाने वाली हिंदी प्रतियोगिता / हिंदी गतिविधि का आयोजन दिनांक **25 अक्टूबर 2021 को अपराहन 3:00 से 4:00 बजे तक** निर्धारित किया गया है । दिनांक 25 अक्टूबर 2021 को आयोजित की जाने वाली हिंदी प्रतियोगिता का विषय **"हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता"** रखा गया है ।

4. प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक अधिकारी / कर्मचारी समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार की वेबसाइट पर इस बाबत उपलब्ध लिंक या ईमेल के माध्यम से जुड़कर **हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** में भाग ले सकते हैं ।

5. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना के लिए पात्र पाए जाने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को निदेशालय मुख्यालय में गठित पुरस्कार निर्णायक समिति के निर्णय के अनुसार पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ।

6. तदनुसार, सभी संबंधित अधिकारियों / कर्मचारियों से अनुरोध है कि उक्त प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें तथा अपने-अपने कार्यालयी कार्यों को अधिकाधिक राजभाषा हिंदी में निष्पादित करने का प्रयास करें ताकि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके ।

7 . यह निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है ।

22.10.2021

डॉ. राजीव कुमार सिंह

सहायक निदेशक (राजभाषा)